# दावोस में ट्रंप ने लॉन्च किया शांति बोर्ड

## संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर करेंगे काम

**दावोस, 22 जनवरी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्विट्ज़रलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की बैठक में भाग लिया. यहां उन्होंने बहुप्रतीक्षित बोर्ड ऑफ पीस (शांति बोर्ड) का औपचारिक अनावरण किया.**

इस अंतरराष्ट्रीय निकाय के चार्टर पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि यद्यपि उन्होंने अतीत में संयुक्त राष्ट्र की आलोचना की है, लेकिन वह चाहते हैं कि उनका यह नया बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर काम करे. उन्होंने कहा कि एक बार जब यह बोर्ड पूरी तरह से गठित हो जाएगा, तो हम जो चाहें कर सकेंगे और हम इसे संयुक्त राष्ट्र के साथ तालमेल बिठाकर करेंगे. ट्रम्प ने अपने संबोधन में गाजा संघर्ष को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए हमास को चेतावनी दी. उन्होंने कहा कि हमास को अपने हथियार डालने होंगे, अन्यथा उनका अंत निश्चित है. ट्रम्प ने दोनों नेताओं के बीच व्याप्त अत्यधिक नफरत को समझौते की राह में बड़ी बाधा बताया, लेकिन साथ ही जोर दिया कि यदि वे समझौता नहीं करते हैं तो यह उनकी मूर्खता होगी.



### बोर्ड में शामिल होने रूस का सकारात्मक रूख



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गाजा के लिए बनाए जा रहे शांति बोर्ड में शामिल होने के निमंत्रण पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आभार जताते हुए इसमें एक अरब डॉलर का योगदान देने की इच्छा जताई है. श्री पुतिन ने वैश्विक संघर्षों और विशेष रूप से इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे के समाधान के लिए बन रहे इस अंतरर्राष्ट्रीय निकाय को लेकर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा यह भी कहा कि रूस इस पहल का स्वागत करता है.

### ट्रंप ने वापस ली टैरिफ की धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाटो महासचिव मार्क रूट्टे के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद घोषणा करते हुए कहा है कि ग्रीनलैंड को लेकर भविष्य के समझौते की रूपरेखा तैयार कर ली गई है. ट्रम्प ने डेनमार्क सहित आठ यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की धमकी दी थी, जिसे जून तक बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने की योजना थी. हालांकि दावोस में अपने संबोधन के दौरान श्री ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया कि वह ग्रीनलैंड के अधिग्रहण के लिए सैन्य बल का प्रयोग नहीं करेंगे. विश्व आर्थिक मंच की बैठक के इतर हुई इस वार्ता को ट्रम्प ने अत्यंत सकारात्मक बताया है.

## देवघर रेल फाटक पर ट्रक-ट्रेन की टक्कर

**रांची, 22 जनवरी.** झारखंड के देवघर जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र में रोहिणी-नावाडीह रेलवे फाटक पर गुरुवार सुबह बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया. हावड़ा-जसीडीह मुख्य रेल मार्ग पर दौड़ रही ट्रेन के इंजन से एक ट्रक की जबरदस्त टक्कर हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक फाटक पार करने की जल्दबाजी में था, तभी ट्रेन आ धमकी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक के नीचे दो मोटरसाइकिलें कुचल गईं. ट्रक और ट्रेन का इंजन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. सड़क व रेल दोनों मार्गों पर आवागमन करीब एक घंटे बाधित रहा. अप-डाउन दोनों लाइनें प्रभावित हुईं. गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई. रेलवे टीम जांच कर रही है कि फाटक बंद होने के बावजूद ट्रक चालक ने पार करने की कोशिश क्यों की.

# एक करोड़ के इनामी अनल समेत 10 माओवादी ढेर

**झारखंड के सारंडा जंगलों में नक्सली मुठभेड़**

**रांची, 22 जनवरी. झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगलों में गुरुवार सुबह छोटानागरा थाना क्षेत्र के कुंभडीह गांव के पास सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई.**



प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार, 1 करोड़ रुपये के इनामी शीर्ष माओवादी कमांडर अनल दा उर्फ तूफान समेत 10 नक्सली ढेर हो गए. पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम घेराबंदी कर रही थी. तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों को निर्णायक सफलता मिली. मुठभेड़ रुक-रुक कर जारी है और सर्च ऑपरेशन चल रहा. कोल्हान प्रमंडल के डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा ने मुठभेड़ की पुष्टि की, लेकिन मारे गए नक्सलियों की संख्या व पहचान पर आधिकारिक बयान ऑपरेशन समाप्त होने के बाद ही देने की बात कही. उन्होंने विषम इलाके में सतर्कता बरतने की बात कही. पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट है, अतिरिक्त बल तैनात है.

# हर परिवार को कैशलेस इलाज की गारंटी

**10 लाख रु. का मुफ्त इलाज**

▶ पंजाब में मुख्यमंत्री सेहत योजना को केजरीवाल ने सराहा



**नई दिल्ली, 22 जनवरी. आम आदमी पार्टी प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की नई मुख्यमंत्री सेहत योजना की सराहना की है.**

उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत हर परिवार को सालाना 10 लाख रुपये तक मुफ्त और कैशलेस इलाज की गारंटी दी जाएगी. इस पहल के साथ पंजाब देश का पहला राज्य बन गया है जो हर नागरिक की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए ऐसी व्यापक योजना लागू कर रहा है. अरविंद केजरीवाल ने अपने पोस्ट में लिखा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना एक ऐतिहासिक और जनहितकारी कदम है. इस योजना के तहत पंजाब के सभी परिवारों को सालाना 10 लाख तक का इलाज मुफ्त और कैशलेस मिलेगा. इससे आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्गीय परिवारों को गंभीर बीमारियों और महंगे इलाज की चिंता से राहत मिलेगी.

> केजरीवाल ने कहा कि इस प्रकार की पहल स्वास्थ्य सेवाओं को समान और सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने उम्मीद जताई कि अन्य राज्य भी पंजाब की तरह हर परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसी योजनाओं को अपनाएंगे. यह योजना न केवल नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा देती है.

# सड़क हादसे में 10 जवानों की मौत

**11 गंभीर घायल जवानों का चल रहा उपचार**

**300 फीट गहरी खाई में गिरा वाहन**

**जम्मू, 22 जनवरी.जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिससे सेना का एक वाहन गहरी खाई में गिर गया. हादसे में 10 जवानों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए.**

अधिकारियों ने बताया कि सेना का कैस्पर वाहन भद्रवाह-चंबा सड़क पर थानाला के ऊपरी इलाके खन्नीटॉप के पास फिसलन भरी सड़क के कारण करीब 300 फीट गहरी खाई में गिर गया. यह टीम एक टीम ऑपरेशन के लिए जा रही थी. यह हादसा इतना भयावह था कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.

**पीएम ने किया शोक व्यक्त :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा, हादसे से बहुत दुख हुआ, जिसमें हमने अपने बहादुर जवानों को खो दिया. उनकी सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा. घायल जल्द से जल्द ठीक हों. प्रभावित लोगों को हर संभव मदद दी जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही सेना, पुलिस और स्थानीय लोगों ने दुर्गम क्षेत्र में कई घंटों तक बचाव अभियान चलाया.

# भारतीय परंपराओं में समस्या का समाधान

## गृहमंत्री शाह ने हरिद्वार में गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष समारोह में कहा

**देहरादून/हरिद्वार 22 जनवरी. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरूवार को हरिद्वार में आयोजित अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष समारोह में गायत्री परिवार द्वारा किए जा रहे.**



सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यों की सराहना की तथा आचार्य श्रीराम शर्मा के योगदान का स्मरण किया. उन्होंने कहा कि भारतीय परंपराओं में विश्व की समस्याओं का समाधान निहित है. गृह मंत्री ने कहा कि श्रीराम शर्मा आचार्य ने सनातन धर्म में व्याप्त विकृतियों को दूर कर आध्यात्मिकता को सामाजिक सरोकारों से जोड़ा तथा समानता, संस्कृति, एकता और अखंडता के मूल्यों को सुदृढ़ किया. उन्होंने व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण के विचार को व्यवहार में उतारने का मार्ग प्रशस्त किया.

> उन्होंने आचार्य जी के संदेश हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा को मानव कल्याण का मूल मंत्र बताते हुए इसे जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया. गृह मंत्री ने कहा कि बीते दस वर्षों में देश की कार्य-संस्कृति और सोच में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आया है. आज भारत को उसकी गौरवशाली विरासत, संस्कृति और मूल्यों के संदर्भ में आदर भाव से देखा जा रहा है. भारत के उत्कर्ष से मानवता का उत्कर्ष सुनिश्चित होगा.

# इस्पात फैक्ट्री में विस्फोट से 6 की मौत

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 22 जनवरी.** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में गुरुवार सुबह एक निजी इस्पात कारखाने में हुए जोरदार विस्फोट हुआ, जिस कारण छह मजदूरों की मौत हो गई और 10 से अधिक अन्य गंभीर रूप से झुलस गए. पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निपानिया में स्थित रियल इस्पात स्पंज आयरन फैक्ट्री में हुई. फैक्ट्री के स्पंज आयरन प्लांट में हुआ यह धमाका इतना तेज था कि पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए. फिलहाल विस्फोट के सटीक कारणों का पता नहीं चल सका है.

# टी20 वर्ल्ड कप से बांग्लादेश की टीम बाहर

**नई दिल्ली, 22 जनवरी.** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसलि (आईसीसी) ने बांग्लादेश को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि आप भारत में नहीं खेलते हैं तो वर्ल्ड कप से बाहर जाना होगा. आईसीसी ने बीसीबी के अनुरोध को ठुकरा दिया है. हालांकि आईसीसी की इस सख्त चेतावनी के बाद भी बांग्लादेश ने अपने फैसले से पीछे हटने से इनकार कर दिया है. इस पूरे विवाद के चलते टी20 वर्ल्ड कप पर संकट के बादल गहराते नजर आ रहे हैं.

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को दे रहे अंतिम रूप

**नई दिल्ली, 22 जनवरी.** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन कृषि व्यापार पर फंसे पेंच को सुलझाने के लिए नौकरशाह और व्यापार विशेषज्ञ रात-दिन काम कर रहे हैं.

वाणिज्य मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी है. अधिकारियों ने कहा, अमेरिका की ओर से भारत को पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होने का निमंत्रण देने से व्यापार समझौते को अतिरिक्त गति मिली है. हम इसे एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत के रूप में देखते हैं और यह व्यापार मामलों पर मतभेदों को दूर करने में मदद कर सकता है, लेकिन निश्चित रूप से, वे सख्त मोलभाव करने वाले हैं और हम बातचीत जारी रखेंगे.





10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

**Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Raisen Road** SURJEET BAJAJ 2590000• **Berasia Road** GURU KRIPA BAJAJ 9329148940 • **MP Nagar** OM ADVANCE BAJAJ 9993377326 • **Biaora** YADAV BAJAJ 7987592880 • **Betul** SACHIN BAJAJ 9827063930 • **Chhatarpur** TIKARIYA BAJAJ 7470901984 • **Guna** KK BAJAJ **7303055855** • Harda SURJEET BAJAJ 9926004248 • **Itarsi** SMH BAJAJ 9399642588, 7000805580 • **Raisen** MOTI BAJAJ 8962448444 • **Sehore** SUDERSHAN BAJAJ **8225023340/9826023340**• **Vidisha** SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436 • **Ashoknagar** SAHIL BAJAJ 220590.